ई–मेल

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

Generator क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा।

मुख्य निर्वाचन, पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय, निर्वाचन विभाग, 7, सरदार पटेल मार्ग, (मैंग्लस रोड), बिहार, पटना के कार्यालय उपयोग हेतु 160 KVA ELEC 3PH AMF का Generator Set GeM Portal पर Buyback Option के साथ नहीं रहने के कारण तथा वित्त विभाग द्वारा दिये गये परामर्श के आलोक में पुराना 100 KVA का DG Set Buyback करते हुए नया 160 KVA ELEC 3PH AMF ITC- (Cpacity- 160KVA, 3 PHASE, Type of Control Panel- AMF, RPM-1500, Type of Engine Cooling- Liquid Cooled, Capacity of Engine-7200CC)- 01 अदद का निविदा के माध्यम से क्रय हेतु इच्छुक आपूत्तिकर्त्ता/ऐजेंसी एवं फर्मों से मुहरबन्द दर द्वेय पद्वति लिफाफा में निविदा दिनांक 30.03.2020 के अपराह्म 4:00 बजे तक आमंत्रित की गई थी, परंतु कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा लॉकडाउन किये जाने के कारण कोई निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण निविदा डालने की तिथि 29.05.2020 के अपराह्म 4:00 बजे तक बढ़ाई जाती है। निविदा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार–सह–सचिव, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय में उसी दिन 5:00 बजे अपराह्म में विभागीय क्रय समिति एवं निविदादाता/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की शर्तें निम्न प्रकार हैं :–

(1) निविदा दो प्रकार की होगी :–

(क) तकनीकी निविदा (ख) वित्तीय निविदा।

(क) तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में प्राप्त की जायेगी, जिस पर लाल स्याही से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिए। लिफाफा पर स्पष्ट शब्दों में तकनीकी/वित्तीय निविदा नहीं अंकित रहने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त दोनों लिफाफा एक बड़ा लिफाफा में बंद कर प्रेषित किया जायेगा, जिस पर स्पष्ट लिखा रहना चाहिए कि "Generator क्रय हेतु निविदा"। निविदा संबंधी लिफाफा निबंधित डाक/निर्वाचन कार्यालय में निर्धारित तिथि एंव कार्यालय अवधि तक प्राप्त करा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद भेजे गए निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(क) तकनीकी निविदा की शर्तें :–

(i) निविदादाताओं को निविदा के समय जमानत की राशि के रूप में ₹60,000/– (साठ हजार रूपये) मात्र का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट जो मुख्य निर्वाचन, पदाधिकारी, बिहार–सह–सचिव, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के पदनाम से हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिन निविदादाताओं का निविदा सफल नहीं होगा उनकी जमानत की राशि वापस लौटा दी जायेगी।

(ii) निविदादाता सर्विस टैक्स/GST निबंधन प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं विगत तीन वर्षों का आयकर के भुगतान की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करेंगें।

(iii) निविदादाता को इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा कि उनकी फर्म कहीं से ब्लैकलिस्टेड नहीं है।

(iv) तकनीकी रूप से सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जायेगा।

(ख) वित्तीय निविदा की शर्तें :–

(i) वित्तीय निविदा में 160 KVA ELEC 3PH AMF ITC- (Cpacity- 160KVA, 3 PHASE, Type of Control Panel- AMF, RPM-1500, Type of Engine Cooling- Liquid Cooled, Capacity of Engine-7200CC) का सभी विशिष्टताएँ अंकित करेगें।

(ii) वित्तीय निविदा में पुराना 100 KVA का DG Set का Buyback मूल्य, नया 160 KVA ELEC 3PH AMF ITC- (Cpacity- 160KVA, 3 PHASE, Type of Control Panel- AMF, RPM-1500, Type of Engine Cooling- Liquid Cooled, Capacity of Engine-7200CC) का मूल्य एवं Buyback के पश्चात् के मूल्य अलग–अलग अंकित करेंगे। निविदादाता को Generator Set के Guarantee/Warranty का भी स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

(iii) पुराने Generator को हटाने एवं नया Generator को अधिष्ठापित करने की जिम्मेवारी सफल निविदादाता की होगी।

(iv) निविदादाता निविदा खोलने की निर्धारित तिथि को स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि क्रय समिति की बैठक में भाग ले सकते हैं।

(v) निविदा में डाले गये दर की मान्यता तीन महीनें तक रहेगी।

(vi) निविदा रद्द करने, विस्तारित करने एवं स्थगित करने का अधिकार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार–सह–सचिव, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना को सुरक्षित रहेगा।

11.5.2020

(आलोक कुमार)
उप सचिव।